**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 11.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><><><>

1. भारत में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन कल से शुरू होगा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्रिक्स के साझेदार देशों और आमंत्रित देशों के नेताओं का स्वागत करेंगे।
2. केंद्र सरकार ने मूल्य पारदर्शिता, प्रायोजित लिस्टिंग और खोज परिणामों में हेरफेर पर नियमों को सख्त करने के लिए ई–कॉमर्स नियमों में संशोधन किया।
3. 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का उद्घाटन टैगोर कॉलेज के सभागार में आयोजित किया गया। यह समारोह 8 अक्टूबर तक जारी रहेगा।
4. नशा मुक्त भारत अभियान के तहत दक्षिण अंडमान जिला पुलिस ने मॉडल स्कूल एबरडीन में नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

<><><><><><><><><>

भारत कल से नई दिल्ली के भारत मंडपम् में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयार है। दो दिन के इस शिखर सम्मेलन में ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, भारत, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात सहित 11 प्रमुख विकासशील अर्थव्यवस्थाएं शामिल होंगी। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की शुरुआत कल सदस्य देशों के लिए 'समावेशी वैश्विक शासन और बहुपक्षवाद को मजबूत करना' विषय पर सत्र से होगी। रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्रिक्स के साझेदार देशों और आमंत्रित देशों के नेताओं का स्वागत करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतरश ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के महत्व और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता का संदेश देंगे।

<><><><><><><><><>

सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण (ई–कॉमर्स) नियम 2020 में संशोधन किया है। इसका उद्देश्य कीमतों में पारदर्शिता, प्रायोजित उत्पादों की सूची, खोज परिणामों में हेरफेर और डार्क पैटर्न से जुड़े नियमों को सख्त करना है। संशोधित नियमों के अंतर्गत किसी उत्पाद की कीमत कम करने पर ई–कॉमर्स कंपनियों को घटी हुई कीमत के साथ उसकी पिछली कीमत भी बतानी होगी। पिछली कीमत से आशय छूट की घोषणा से पहले के 30 दिनों में उत्पाद की सबसे कम कीमत से है। कंपनियां ऐसे तरीके से सर्च रिजल्ट में बदलाव नहीं कर सकेंगी। नए नियमों से ई–कॉमर्स क्षेत्र में अधिक पारदर्शिता, जवाबदेही और उपभोक्ता–केंद्रित व्यवस्था सुनिश्चित होगी। ये नियम अगले वर्ष एक जनवरी से लागू होंगे।

<><><><><><><><><>

यूटी–आत्मा, प्राथरापुर ब्लॉक के तहत मसाला खेती की पद्धतियों का पैकेज, कटाई–उपरांत प्रबंधन, कटाई, प्रसंस्करण और भंडारण पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दक्षिण अंडमान के

ग्राम पंचायत बिडनाबाद के कोडियाघाट गांव में एक किसान की खेती पर किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य मसाला फसलों की वैज्ञानिक खेती, कटाई, प्रबंधन, प्रसंस्करण और भंडारण में किसानों के तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल को बढ़ाना है। इस अवसर पर किसानों को बेहतर उत्पादकता, गुणवत्ता और मूल्य प्राप्ति के लिए उन्नत पद्धतियों के पैकेज को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायत बिडनाबाद के सरपंच, वी. कुमार मुख्य अतिथि थे। सत्र में सहायक कृषि निदेशक, कृषि विज्ञान केंद्र सिप्पीघाट के विषय विशेषज्ञ, कृषि अधिकारी और कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण में कुल 23 किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

कृषि निदेशालय, अंडमान और निकोबार प्रशासन ने प्रधानमंत्री कृषि विकास योजना के तहत अनुबंध के आधार पर लेखाकार और सहायक सचिव पदों पर भर्ती का परिणाम घोषित कर दिया है। चयनित उम्मीदवारों को यह समाचार प्रकाशित होने की तारीख से सात दिनों के भीतर कार्यभार संभालने के लिए कहा गया है।

<><><><><><><>

9वें राष्ट्रीय पोषण माह 2026 का उद्‌घाटन समारोह कल समाज कल्याण निदेशालय के तहत आई सी डी एस अर्बन प्रोजेक्ट द्वारा टैगोर कॉलेज के सभागार में आयोजित किया गया। यह समारोह 8 अक्टूबर तक जारी रहेगा। इसका उद्देश्य भारत सरकार की प्रमुख पोषण पहल, पोषण अभियान के तहत विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और किशोरों के बीच पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक बचपन के विकास के महत्व को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में समाज कल्याण सचिव हेमंत कुमार, समाज कल्याण निदेशक मोहित मिश्रा, स्वास्थ्य सेवा निदेशक, एच. एम. सिद्धराजू के साथ–साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि विभागों, पंचायती राज संस्थाओं ,गैर–सरकारी संगठनों तथा अन्य विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कल दक्षिण अंडमान जिला पुलिस ने मॉडल स्कूल एबरडीन में नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान, इंस्पेक्टर विजय कुमार एस आई दिनेश कुमार जायसवाल सहित अन्य पुलिस कर्मचरियों ने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित किया। यह संवादात्मक सत्र स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर मादक पदार्थों के सेवन के हानिकारक प्रभावों के साथ–साथ एन डी पी एस अधिनियम के तहत कानूनी परिणामों पर केंद्रित था। अधिकारियों ने छात्रों को नशीली दवाओं की लत के परिणामों और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया और पुलिस टीम द्वारा उनके प्रश्नों का उत्तर दिया गया। कार्यक्रम का समापन छात्रों और शिक्षकों को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाने के साथ हुआ। दक्षिण अंडमान जिला पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे नशे के संबंध में कोई भी जानकारी साझा कर इस अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग करें।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय ने भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, हैदराबाद के समन्वय से आपदा प्रबंधन भवन के प्रशिक्षण सभागार में द्वीप समूह में सुनामी के खतरों से बचाव पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पहले दिन के कार्यक्रम में तटीय क्षेत्रों में सुनामी की तैयारियों को मजबूत करने, संस्थागत समन्वय को बढ़ाने और सामुदायिक योगदान के उद्देश्य से सभी जिला प्रशासनों, संबंधित विभागों के अधिकारियों और जिला तथा ग्राम स्तरीय सुनामी रेडी समितियों के सदस्यों ने भाग लिया। आपदा प्रबंधन, सचिव पल्लवी सरकार मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रही। अपने संबोधन में उन्होंने सुनामी रेडी कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन और तैयारियों की समीक्षा करने के लिए जिला प्रशासनों, संबंधित विभागों और समुदाय स्तर की समितियों द्वारा समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत उद्घाटन सत्र के साथ हुई, जिसमें आपदा प्रबंधन निदेशक, प्रियंका कुमारी ने अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

मालवाहक जहाज एम.वी. चुगलम 16 सितंबर को शाम चार बजे हैड्डो जेट्टी से कार निकोबार, चौरा, टेरेसा, कछाल और ननकौड़ी होते हुए कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा। जहाज संबंधित बंदरगाहों पर माल उतारने और चढ़ाने के बाद श्री विजयपुरम के लिए वापस रवाना होगा। इस यात्रा के लिए माल बुकिंग आज सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक शुरू होगी। माल चढ़ाने का काम 13 सितंबर से शुरू किया जाएगा।

<><><><><><><>

उप शिक्षा कार्यालय, दक्षिण अंडमान की ओर से 15 से 22 सितंबर तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बालिका विद्यालय के सभागार में अंतर–विद्यालय शतरंज, योग और टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा कार्यालय के क्षेत्राधिकार में आने वाले विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं।

<><><><><><><>